**Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language,**
**Online ISSN 2348-3083, SJ IMPACT FACTOR 2021: 7.278, www.srjis.com**
PEER REVIEWED & REFEREED JOURNAL, JUNE-JULY, 2022, VOL-10/52

# इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति सरकारी एवं गैर–सरकारी डी०एल०एड० शिक्षा संस्थानों के प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रिया का तुलनात्मक अध्ययन

**डॉ० अशोक कुमार**

*असिस्टेन्ट प्रोफेसर, बी०एड० विभाग, पुष्प इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेस एण्ड हॉयर स्टडीज, पीलीभीत।*

**Paper Received On:** 25 JULY 2022
**Peer Reviewed On:** 31 JULY 2022
**Published On:** 1 AUGUST 2022

***Abstract***

*प्रस्तुत शोध अध्ययन में वर्णनात्मक शोध की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग कर इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति सरकारी एवं गैर–सरकारी डी०एल०एड० शिक्षा संस्थानों के प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रिया का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। शिक्षा कार्यक्रम में इंटर्नशिप गतिविधि के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रिया हेतु सरकारी डी०एल०एड० संस्थानों के 50 प्रशिक्षुओं को तथा गैर–सरकारी डी०एल०एड० संस्थानों के 50 प्रशिक्षुओं को यादृच्छिक विधि के द्वारा से चुना गया। प्रशिक्षुओं की विचारों को जानने के लिए लिकर्ट की तीन बिन्दु पर आधारित स्वनिर्मित दृष्टिकोण मापनी का प्रयोग किया गया। संकलित संमकों के सांख्यिकीय विश्लेषण हेतु प्रतिशत सांख्यिकी का प्रयोग किया गया। निष्कर्ष के रूप में पाया गया कि सरकारी एवं गैर–सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं के इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति विचारों में समानता पायी गयी।*

***Scholarly Research Journal's** is licensed Based on a work at **www.srjis.com***

## प्रस्तावना

प्रस्तुत शोध अध्ययन में डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं का इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रतिक्रिया का विश्लेषण किया गया है। जिसमें इंटर्नशिप का अभिप्रायः उस व्यवसाय से होता है। जिसमें प्रशिक्षु नया व्यवसाय आरम्भ करते हैं। यह प्रशिक्षुओं को ऐसा अवसर होता है जिसमें वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रस्तुत हैं तथा अपने सैद्धान्तिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में प्रयोग करने का अवसर प्राप्त होता है।

## सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन

2009 एन०सी०एफ०टी०ई० में स्कूल इंटर्नशिप की बात कहीं गयी है जिसमें–

1. नई शिक्षण तकनीक का प्रयोग करना।
2. कक्षा शिक्षण पर आधारित शोध प्रोजेक्ट करना चाहिए।

नई शिक्षा नीति प्रारूप–2017 ने अध्यापक शिक्षा से सम्बन्धित सेवाकालीन प्रशिक्षण के सम्बन्ध में निम्न सुझाव दर्शाया गया है।

- शिक्षण कार्यों में आई० सी० टी० मॉडल का अत्यधिक प्रयोग करने पर जोर देना।

*Copyright © 2022, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*

- सृजनात्मकता लाने की समझ होना।
- शैक्षिक प्रबन्ध की समझ होना।

**शोध के उद्देश्य**

सरकारी एवं गैर–सरकारी डी०एल०एड० शिक्षा संस्थानों के अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में इंटर्नशिप के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रिया का तुलनात्मक अध्ययन।

**शोध की परिकल्पना**

सरकारी एवं गैर–सरकारी डी०एल०एड० शिक्षा संस्थानों के अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रिया में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

**जनसंख्या**

प्रस्तुत अध्ययन में प्रयागराज जनपद के सरकारी एवं गैर–सरकारी डी०एल०एड० अध्यापक शिक्षा संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को जनसंख्या के रूप में लिया गया है।

**न्यादर्श**

प्रस्तुत अध्ययन में इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रयागराज जनपद के सरकारी एवं गैर–सरकारी डी0एल0एड0 अध्यापक शिक्षा संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रिया ज्ञात करने के लिए 100 डी०एल०एड० प्रशिक्षुओं (50 सरकारी तथा 50 गैर–सरकारी) का चयन न्यादर्शन की यादृच्छीकरण विधि से किया गया।

**उपकरण**

प्रस्तुत शोध अध्ययन के उद्देश्यों की अभिपूर्ति हेतु शोधकर्ता द्वारा लिकर्ट मापनी पर आधारित तीन बिन्दु (सहमत, अनिश्चित व असहमत) स्वनिर्मित दृष्टिकोण मापनी का प्रयोग किया गया। विभिन्न शिक्षकों, विषय विशेषज्ञों से प्राप्त सुझाव तथा सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन के आधार पर दृष्टिकोण मापनी का निर्माण किया गया। प्रस्तुत दृष्टिकोण मापनी में 12 हैं जो सभी धनात्मक प्रकृति के हैं। प्रत्येक कथन के समक्ष तीन बिन्दु (सहमत, अनिश्चित, असहमत) दिये गये जिन पर प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

तालिका–1

**फंलाकन कुंजी**

| क्र. सं. | विवरण | सहमत | अनिश्चित | असहमत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | धनात्मक कथन | 3 | 2 | 1 |

**प्रयुक्त सांख्यिकी**

Copyright © 2022, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language

प्रस्तुत अध्ययन में संमकों के विश्लेषण हेतु प्रतिशत सांख्यिकी का प्रयोग किया गया।

**संमको का सांख्किीय विश्लेषण**


**तालिका–2**

**सरकारी एवं गैर–सरकारी डी०एल०एड० संस्थानों में संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रियाओं का तुलनात्मक अध्ययन**

| क्र. सं. | कथन | शिक्षण संस्थान का प्रकार | सहमत | | अनिश्चित | | असहमत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % | संख्या | % | संख्या | % |
| 1 | इंटर्नशिप योजना बनाते समय प्राचार्य की भूमिका के सम्बन्ध में। | सरकारी | 49 | 98 | 00 | 0 | 01 | 2 |
| | | गैर–सरकारी | 39 | 78 | 06 | 12 | 05 | 10 |
| 2 | इंटर्नशिप योजना बनाते समय सभी प्रशिक्षुओं को अपने विचार रखने का अवसर के सम्बन्ध में। | सरकारी | 44 | 88 | 04 | 8 | 02 | 4 |
| | | गैर–सरकारी | 41 | 82 | 05 | 10 | 04 | 8 |
| 3 | इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के द्वारा महिला जागरूकता के प्रति नाटक रंगमंच में प्रतिभाग के सम्बन्ध में। | सरकारी | 32 | 64 | 14 | 28 | 04 | 8 |
| | | गैर–सरकारी | 35 | 70 | 12 | 24 | 03 | 6 |
| 4 | इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान सर्व शिक्षा अभियान में प्रशिक्षुओं के प्रतिभाग के सम्बन्ध में। | सरकारी | 41 | 82 | 06 | 12 | 03 | 6 |
| | | गैर–सरकारी | 42 | 84 | 05 | 10 | 03 | 6 |
| 5 | संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान सूचना सम्प्रेषण तकनीकी द्वारा प्रशिक्षुओं की अभिरूचि के सम्बन्ध में। | सरकारी | 34 | 68 | 11 | 22 | 05 | 10 |
| | | गैर–सरकारी | 36 | 72 | 09 | 18 | 05 | 10 |
| 6 | प्रशिक्षुओं द्वारा दिया गया छात्रों को गृहकार्य पर अभिभावकों का ध्यान आकर्षित करने के सम्बन्ध में। | सरकारी | 25 | 50 | 9 | 18 | 16 | 32 |
| | | गैर–सरकारी | 31 | 62 | 15 | 30 | 04 | 08 |
| 7 | प्रशिक्षुओं द्वारा कक्षा–शिक्षण के दौरान विशिष्ट बालकों पर विशेष ध्यान के सम्बन्ध में। | सरकारी | 38 | 76 | 02 | 4 | 10 | 20 |
| | | गैर–सरकारी | 32 | 64 | 07 | 14 | 11 | 22 |

Copyright © 2022, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के द्वारा सभी शिक्षण कौशलों के प्रयोग के सम्बन्ध में। | सरकारी | 39 | 78 | 06 | 12 | 05 | 10 |
| | | गैर–सरकारी | 36 | 72 | 02 | 4 | 12 | 24 |
| 9 | प्रशिक्षुओं द्वारा शरारती छात्रों के साथ विनम्रतापूर्ण व्यवहार के सम्बन्ध में। | सरकारी | 39 | 78 | 04 | 8 | 07 | 14 |
| | | गैर–सरकारी | 35 | 70 | 08 | 16 | 07 | 14 |
| 10 | कक्षा शिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा बच्चों के साथ प्रतिपुष्टि प्राप्त करके मूल्यांकन के सम्बन्ध में। | सरकारी | 36 | 72 | 07 | 14 | 07 | 14 |
| | | गैर–सरकारी | 39 | 78 | 10 | 20 | 01 | 02 |
| 11 | इंटर्नशिप के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा शिक्षण सामग्री जैसे–चार्ट, मॉडल व मानचित्र इत्यादि के सम्बन्ध में | सरकारी | 44 | 88 | 05 | 10 | 01 | 02 |
| | | गैर–सरकारी | 47 | 94 | 02 | 04 | 01 | 02 |
| 12 | इंटर्नशिप कार्यक्रम में सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक विषय के सम्बन्ध में। | सरकारी | 41 | 82 | 05 | 10 | 04 | 08 |
| | | गैर–सरकारी | 39 | 78 | 08 | 16 | 03 | 06 |




**रेखाचित्र–1:सरकारी डी०एल०एड० संस्थानों में संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रियाओं का तुलनात्मक अध्ययन**

Copyright © 2022, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language

तालिका 2 व रेखाचित्र 1 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि सरकारी डी० एल० एड० संस्थानों में संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रियांए निम्न प्रकार व्यक्त की गयीं–

1. इंटर्नशिप योजना बनाते समय प्राचार्यओं की भूमिका के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 98 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, शून्य प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 2 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

2. इंटर्नशिप योजना बनाते समय सभी प्रशिक्षुओं को अपने विचार रखने के अवसर के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 88 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 8 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 4 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

3. इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के द्वारा महिला जागरूकता के प्रति नाटक रंगमंच में प्रतिभाग के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 64 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 28 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 8 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

4. संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान सूचना सम्प्रेषण तकनीकी द्वारा प्रशिक्षुओं की अभिरूचि के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 68 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 22 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 10 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।


5. प्रशिक्षुओं द्वारा शरारती छात्रों के साथ विनम्रतापूर्ण व्यवहार के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 78 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 8 प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 14 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

6. कक्षा–शिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा बच्चों के साथ प्रतिपुष्टि प्राप्त करके मूल्यांकन के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 72 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 14 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 14 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

7. इंटर्नशिप के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा शिक्षण सामग्री जैसे–चार्ट, मॉडल व मानचित्र इत्यादि के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 88 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 10 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 2 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

8. इंटर्नशिप कार्यक्रम में सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक विषय के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 82 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 10 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 8 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

*Copyright © 2022, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*




**रेखाचित्र–2: गैर–सरकारी डी०एल०एड० संस्थानों में संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रियाओं का तुलनात्मक अध्ययन**

तालिका 2 व रेखाचित्र 2 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि गैर–सरकारी डी० एल० एड० संस्थानों में संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रियाएं निम्न प्रकार व्यक्त की गयीं–

1. इंटर्नशिप योजना बनाते समय प्राचार्यों की भूमिका के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 78 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 12 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 10 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

2. इंटर्नशिप योजना बनाते समय सभी प्रशिक्षुओं को अपने विचार रखने के अवसर के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 82 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 10 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 8 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

3. इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के द्वारा महिला जागरूकता के प्रति नाटक रंगमंच में प्रतिभाग के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 70 प्रतिशत प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 24 प्रतिशत ने अनिशचित तथा 6 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति पर अपनी सहमति व्यक्त की।

4. इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान सर्व शिक्षा अभियान में प्रशिक्षुओं के प्रतिभाग के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 84 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 10 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 6 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

5. संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान सूचना सम्प्रेषण तकनीकी द्वारा प्रशिक्षुओं की अभिरूचि के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 72 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 18 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 10 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

Copyright © 2022, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language

6. प्रशिक्षुओं द्वारा कक्षा–शिक्षण के दौरान विशिष्ट बालकों पर विशेष ध्यान के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 64 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 14 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 22 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

7. इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के द्वारा सभी शिक्षण कौशलों के प्रयोग के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 72 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 4 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 24 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

8. प्रशिक्षुओं द्वारा शरारती छात्रों के साथ विनम्रतापूर्ण व्यवहार के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 70 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 16 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 14 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

9. कक्षा–शिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा बच्चों के साथ प्रतिपुष्टि प्राप्त करके मूल्यांकन के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 78 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 20 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 2 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

10. इंटर्नशिप के दौरान प्रशिक्षुओं द्वारा शिक्षण सामग्री जैसे–चार्ट, मॉडल व मानचित्र इत्यादि के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 94 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 4 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 2 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

11. इंटर्नशिप कार्यक्रम में सैद्धान्तिक तथा प्रयोगात्मक विषय के सम्बन्ध में दृष्टिकोण मापनी पर 78 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने सहमत, 16 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने अनिश्चित तथा 6 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने असहमति व्यक्त की।

## निष्कर्ष

1. इंटर्नशिप योजना बनाते समय प्राचार्य की भूमिका के सम्बन्ध में सरकारी एवं गैर–सरकारी डी० एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं के विचारों में भिन्नता पायी गयी।

2. प्रशिक्षुओं द्वारा दिया गया छात्रों को गृहकार्य पर अभिभावकों का ध्यान आकर्षित करने के सम्बन्ध में सरकारी तथा गैर–सरकारी डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं के दृष्टिकोण में अन्तर पाया गया।

3. इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान सर्व शिक्षा अभियान में प्रशिक्षुओं के प्रतिभाग के सम्बन्ध में सरकारी तथा गैर–सरकारी डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं के विचारों में कुछ सीमा तक समानता पायी गयी।

## शैक्षिक निहितार्थ

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष डी० एल० एड० व अन्य शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं के लिए

2. उपयोगी सिद्ध होंगे जिसके आधार पर वह अपने प्रशिक्षण अवधि के दौरान आने वाली समस्याओं का निस्तारण कर सकेंगे।

3. प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्राप्त निष्कर्ष विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षकों व उनके प्राचार्यों को भी प्रशिक्षण से सम्बन्धित योजनाओं का उचित क्रियान्वन करने में उपयोगी सिद्ध हो सकेंगे।

4. प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्राप्त परिणाम प्रशिक्षुओं, प्रशिक्षकों के अतिरिक्त शिक्षाविद्ों एवं शैक्षिक नीति निर्माताओं के लिए भी नई शैक्षिक नीतियों के निर्माण में सहायक हो सकेंगे।

## भविष्य हेतु सुझाव

प्रस्तुत शोध अध्ययन में इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रति सरकारी एवं गैर–सरकारी डी०एल०एड० शिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रिया का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है जबकि भविष्य में शोधकर्ता डी. एल. एड. के साथ–साथ बी. एड./एम. एड., एवं बी. एल. एड. शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रियाओं का अध्ययन कर सकेंगे।

## संदर्भ सूची

*एनसीएफटीई. (2001).अध्यापक शिक्षा में नीतिगत परिदृश्य. नई दिल्ली. नवीन शाहदरा.*

*एनसीएफटीई. (2009). राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढ़ाचा एवं अध्यापक शिक्षा, भारत सरकार नई दिल्ली।*

*नेशनल पॉलसी ऑन एजूकेशन. (2016). रिपोर्ट ऑफ द कमेटी फॉर इवैल्यूशन ऑफ द न्यू एजूकेशन पॉलसी (30.04.2016) भारत सरकार, नई दिल्ली।*

*कुमार, बी. एवं साहू, पी.के. (2017). अध्यापक शिक्षकों की सेवाकालीन शिक्षा की आवश्यकता का अध्ययन. नई दिल्ली पब्लिसर्स अकादमिक सम्पादक (परिप्रेक्ष्य) राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा). 25–52.*

*नई शिक्षा नीति 2020, भारत सरकार।*

*Copyright © 2022, Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language*